# पदमपत सिंहानिया और डीपीएस विजेता




टेबल टेनिस प्रतियोगिता में बिखेरी विजयी मुस्कान और दिखाए पदक।

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** केएसएस (कानपुर सहोदय स्कूल्स) की दो दिवसीय जोन-ए टेबल टेनिस प्रतियोगिता मंगलवार को समाप्त हुई। प्रतियोगिता के बालक वर्ग का खिताब सर पद्मपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर ने जीता। जबकि बालिका वर्ग में दिल्ली पब्लिक स्कूल आजाद नगर की टीम चैम्पियन बनी।

कौशलपुरी स्थित श्री सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर में हुई प्रतियोगिता में सीबीएसई से संबद्ध स्कूल की 15 बालक और 10 बालिका टीमों ने हिस्सा लिया। व्यक्तिगत स्पर्धा में बालक वर्ग में आशुतोष गुप्ता ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में काव्या ए शाह विजेता रहीं। प्रतियोगिता का संचालन मुख्य रेफरी संजय टंडन और उनकी टीम ने टेबल टेनिस एसोसिएशन के नियमों के अनुरूप कराया। समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव पाठक आदि रहे।